राजधानी •
वर्ष 17 | अंक 160 | पृष्ठ : 14+8
मूल्य : चार रुपये या
पांच रुपये उड़ान सहित
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 18 सितंबर 2019

आज उड़ान
क्लैट 2020
तैयारी की रणनीति

अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन और बिल्डर के बीच समझौता

ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सिटी के 12 एवेन्यू को हैंडओवर करने की प्रक्रिया शुरू
अधूरे काम पूरे करेगा बिल्डर

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो वेस्ट की गौड़ सिटी के 12 एवेन्यू की अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) और बिल्डर के बीच मंगलवार को मेमोरंडम ऑफ ट्रांसफर (एमओटी) पर साइन हुआ। वहीं, एओए ने कहा है कि अभी प्रक्रिया शुरू हुई है। एक माह के अंदर बिल्डर अधूरे काम पूरा करेगा।

हाल ही में 12 एवेन्यू के लोगों ने बिल्डर के खिलाफ जमकर हंगामा किया था। आरोप लगाया था कि बिल्डर जबरन सोसाइटी एओए को हैंडओवर करना चाह रहा है। जबकि, अभी काफी सुविधाएं देनी बाकी है। उसके बाद मामला शांत हो गया था। एओए का चुनाव पहले ही हो चुका था। नवीन असाती अध्यक्ष और मुकेश कुमार सचिव है। बिल्डर का कहना है कि गौड़ सिटी के सभी एवेन्यू में से यह पहली सोसाइटी है, जहां एओए को सबसे पहले हैंडओवर किया गया है। ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट अक्तूबर, 2016 में मिल चुका है। सभी दस्तावेज को एओए टीम के साथ भी साझा किया गया है। पिछले चार साल से सोसाइटी का मेंटेनेंस आईपी एस्टेट्स कंपनी संभाल रही थी। अब एओए को जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, एओए के अध्यक्ष नवीन असाती का कहना है कि अभी एमओटी साइन हुआ है, लेकिन हैंडओवर की प्रक्रिया बाकी है। हैंडओवर को लेकर बिल्डर ने एक माह का समय मांगा है। इस दौरान बिल्डर को सभी अधूरे कार्य पूरे करने हैं। उसके बाद एओए 12 एवेन्यू हैंडओवर लेगी।

एमओटी में बिल्डर-एओए ने किया साइन।